**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 30 मई 2026, समय 18:10 (10 मिनट)**

**मुख्य समाचार :-**

- **सेना प्रमुख जनरल द्विवेदी ने कहा कि भारतीय सशस्त्र बल ऑपरेशन सिंदूर टू प्वाइंट ज़ीरो के लिए तैयार है।**
- **हरियाणा के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य को हासिल करने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होगी।**
- **पंजाब एवं हरियाणा उच्च नायलय द्वारा अतिथि अध्यापकों को नियमित करने के संबंध में दिए गए आदेश के बाद अतिथि अध्यापकों ने सरकार का आभार जताया - सरकार ने कहा उच्च न्यायालय का फैसला जल्द लागू होगा।**
- **पलवल जिले में हथीन पुलिस ने मुठभेड़ के बाद एक अंतरराज्यीय गिरोह के 4 बदमाशों को अवैध हथियार समेत गिरफ्तार किया।**
- **जींद में किसानों को प्राकृतिक खेती के प्रति पारंगत करने के लिए विशेष प्रशिक्षण का आयोजन।**

*******************************************************************

सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा कि भारतीय सशस्त्र बल उच्च स्तर की सतर्कता पर है और आवश्यकता पड़ने पर ऑपरेशन सिंदूर टू प्वाइंट ज़ीरो के लिए तैयार है।

पुणे के खड़कवासला स्थित राष्ट्रीय रक्षा अकादमी में 150वें बैच की पासिंग आउट परेड को संबोधित करते हुए जनरल द्विवेदी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने सटीक और दृढ़ संकल्प के साथ उकसावे का जवाब देने की भारत की क्षमता का प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा, फिलहाल केवल अस्थायी रूप से संघर्ष विराम है। भारतीय सशस्त्र बल ऑपरेशन सिंदूर 2.0 की संभावना को ध्यान में रखते हुए पूरी तैयारी कर रहे हैं।

जनरल द्विवेदी ने कहा कि इस समय हमारा ध्यान तीनों सेनाओं के बीच बेहतर तालमेल बढ़ाने पर है। साथ ही, हम भविष्य के युद्धों के लिए खुद को और अधिक सक्षम बना रहे हैं, क्योंकि आने वाले समय के युद्ध केवल जमीन, समुद्र और हवा तक सीमित नहीं रहेंगे।

*********************************************************************

हरियाणा के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य को हासिल करने में युवा शक्ति महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। शिक्षा मंत्री आज चरखी दादरी के झोझू कलां स्थित महिला महाविद्यालय के द्वितीय दीक्षांत समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मंत्री ने महाविद्यालय की 650 छात्राओं को स्नातक एवं स्नातकोत्तर की डिग्रियां प्रदान की।

शिक्षा मंत्री ने कहा कि बेटियां अब देश व प्रदेश के विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उन्होंने कहा कि **बेटियों को पढ़ाना और उन्हें हर क्षेत्र में आगे बढ़ाना**, प्रदेश सरकार का मूल मंत्र है इसी लिए सरकार ने प्रत्येक 20 किलोमीटर के दायरे में एक राजकीय महिला महाविद्यालय खोलने का संकल्प लिया है, ताकि किसी भी बेटी को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए दूर न जाना पड़े और उसकी पढ़ाई बाधित न हो।

मंत्री ने कहा कि झोझू कलां महिला महाविद्यालय ग्रामीण क्षेत्र की बेटियों को उच्च शिक्षा उपलब्ध कराकर महिला सशक्तिकरण की नई इबारत लिख रहा है। उन्होंने कहा कि जिस गांव की बेटियां कभी सीमित अवसरों तक सिमटी रहती थीं, आज वहां बेटियां स्वर्ण पदक प्राप्त कर नई उपलब्धियां हासिल कर रही हैं। उन्होंने छात्राओं से आह्वान किया कि वे केवल नौकरी पाने तक सीमित न रहें, बल्कि लोगों को दिशा देने के लिए समाज का नेतृत्व भी करें।

*****************************************************************

पंजाब एवं हरियाणा उच्च नायलय द्वारा अतिथि अध्यापकों को नियमित करने के संबंध में महत्वपूर्ण आदेश जारी किए जाने के बाद अतिथि अध्यापकों के प्रतिनिधिमंडल ने आज खेल मंत्री गौरव गौतम के निवास पर पहुंचकर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी एवं खेल मंत्री गौरव गौतम का धन्यवाद व्यक्त किया। खेल मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि यह उन हजारों अध्यापकों के करीब 20 वर्षों के लंबे संघर्ष की जीत है, जिन्होंने लगातार अपने अधिकारों के लिए शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीके से आवाज उठाई। गौरव गौतम ने कहा कि देश व प्रदेश के विकास को गति प्रदान करने में अध्यापकों की अहम भूमिका है। प्रदेश सरकार शिक्षकों के हितों के प्रति पूरी तरह संवेदनशील है और नायलय के फैसले को जल्द लागू किया जाएगा।

*****************************************************************

पलवल जिले में हथीन पुलिस ने आज मुठभेड़ के बाद एक अंतरराज्यीय गिरोह के 4 शातिर बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के कब्जे से भारी मात्रा में अवैध हथियार बरामद हुए हैं जिनमें पोने 12 बोर का राइफल नुमा हथियार, 315 बोर का कट्टा, पिस्तौल व भारी मात्रा में कारतूस शामिल है। आरोपियों की उत्तर प्रदेश नंबर की कार भी जब्त की गई है। मुख्यालय में तैनात उप पुलिस अधीक्षक साहिल ढिल्लों ने बताया-

उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में पहचान उत्तर प्रदेश के इटावा जिला निवासी अकरम,कृष्ण,आलोक,माधव गुप्ता के रूप में हुई है। श्री ढिल्लों ने कहा कि फरार आरोपी विपुल द्विवेदी की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं। आरोपियों के खिलाफ उत्तर प्रदेश एवं हरियाणा के विभिन्न थानों में लूट, डकैती , अपहरण, जानलेवा हमलों के अभियोग दर्ज हैं।

*****************************************************************

चंडीगढ़ जनगणना संचालन निदेशालय ने जनगणना 2027 के अंतर्गत मकान सूचीकरण ब्लॉक कार्य पूर्ण कर लिया गया है। निदेशालय द्वारा जारी नवीनतम प्रगति रिपोर्ट के अनुसार, केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के सभी 2 हजार 54 मकान सूचीकरण ब्लॉकों का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, जिससे चंडीगढ़ के सभी 10 जनगणना प्रभारों में 100 प्रतिशत कवरेज हुई है। जनगणना संचालन निदेशक, डॉ. नवजोत खोसा और प्रधान जनगणना अधिकारी निशांत कुमार यादव ने बताया कि चंडीगढ़ जनगणना संचालन निदेशालय, अब जनगणना 2027 के अगले चरण अर्थात जनसंख्या गणना के लिए पूर्णतः तैयार है, जो अगले वर्ष  फरवरी में प्रस्तावित है।

********************************************************

किसानों को रासायनिक खादों व ज़हरीले कीटनाशकों से मुक्ति दिलाने और पारंपरिक एवं वैज्ञानिक तरीकों से प्राकृतिक खेती में पारंगत करने के लिए जींद में कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, के राज्य स्तरीय प्रशिक्षण संस्थान हमेटी में पांच दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जो कल समापन होगा। इस शिविर में विषय विशेषज्ञों द्वारा प्रदेश भर से आए प्रगतिशील किसानों को आधुनिक और प्राकृतिक खेती के गुर सिखाए जा रहे हैं।

संस्थान के मुख्य प्रशिक्षक डॉ. सुभाष  ने मीडिया से बातचीत में बताया कि यह प्रशिक्षण रासायनिक खादों और कीटनाशकों के दुसप्रभाव के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए दिया जा रहा है। अंधाधुंध प्रयोग ने हमारे भोजन और उत्पादन को ज़हरीला बना दिया है।

प्रशिक्षण कर रहे गांव रधाना के प्रगतिशील किसान दलबीर चहल ने बताया---

**************************************************************